हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 28 मार्च 2026

11 मां भगवती के जागरण में भक्तों ने झुकाया शीश



12 समस्याओं का निदान ही प्रशासन की प्राथमिकता..



## खबर संक्षेप

### बाढ़ड़ाः मंदौली में नेत्र जांच शिविर 31 को

**बाढ़ड़ा।** जनसेवा महाअभियान के तहत समाजसेवी सोमबीर घसौला की अगुवाई में गांव मंदौली में 31 मार्च को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर व ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र के नेत्र रोगियों की जांच करवाकर उन्हें निःशुल्क दवा व आवश्यकता होने पर गुरुग्राम के प्रसिद्ध अस्पताल में आधुनिक तरीके से ऑपरेशन किया जाएगा। हरियाणा स्टोन क्रेशर एसोसिएशन प्रधान सोमबीर सिंह घसौला ने दी। गांव मंदौली में 31 मार्च को होने वाले नेत्र जांच उपचार शिविर में क्षेत्र की जनता को अनेक सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी। वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों ने आंखों में कमजोरी पर दवाई, मुफ्त चश्मा व जरूरत महसूस होने पर गुरुग्राम से ऑपरेशन सहित पूरा ईलाज करवाया जाएगा।

### विवाह योग्य बच्चों का परिचय सम्मेलन कल

**भिवानी।** भिवानी में 29 मार्च को स्वर्णकार समाज के विवाह योग्य बच्चों का परिचय सम्मेलन होने बारे समीक्षा बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता रामनिवास भामा ने की। कार्यक्रम का आयोजन स्वर्णकार जनकल्याण फाउंडेशन के तत्वावधान में अशोक कुमार झींगा की अध्यक्षता में होगा। सम्मेलन सेक्टर 13 के सामुदायिक केंद्र में होगा। मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे रामनिवास भामा ने बताया कि सम्मेलन में हरियाणा के अलावा दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों के समाज के विवाह योग्य बच्चे एवं उनके परिजन पहुंचेंगे। मीटिंग में सुरेश सोनी, कर्ण सिंह महायच, सिलवंत, कृष्ण कुमार वर्मा, हरिचरण वर्मा, पूर्णचंद वर्मा, देवदत सोनी, सूबेदार धर्मपाल, प्रेमसिंह भामा, अमित सोनी, भूपेंद्र झींगा, पुरुषोत्तम सोनी रेवाड़ी, अशोक कुमार झींगा व सुनील सोनी आदि उपस्थित रहे।

### विश्व मानव रूहानी केंद्र ने लगाया शिविर

**भिवानी।** विश्व मानव रूहानी केंद्र की शाखा ने श्रीरामनवमी पर्व पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। इस अवसर पर डॉ. सुनीता कुमारी ने मरीजों की जांच की तथा उन्हें दवाईयां प्रदान की। रामनवमी पर्व पर कंजकों को भोजन भी करवाया गया। कार्यक्रम में रामकिशन, राजपाल सिंह, शारदा देवी, उलफत सिंह, आनंद कुमार भी मौजूद रहे।

### मंत्री रणबीर गंगवा 29 को सिवानी मंडी में

**भिवानी।** प्रदेश के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा 29 मार्च को कस्बा सिवानी में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। डीसी कार्यालय से प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट मंत्री श्री गंगवा सुबह 11:30 बजे सिवानी मंडी स्थित नव भारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंचेंगे, जहां वे वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत वे सिवानी नगर पालिका की चेयरपर्सन वंदना केडिया के निवास पर भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया

**भिवानी।** जिला निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उप-मंडल अधिकारी (ना.) भिवानी द्वारा पंचायत उप-चुनाव के मद्देनजर वार्डवार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। यह सूची हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के तहत राज्य चुनाव आयोग हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार तैयार की गई है। खंड भिवानी की विभिन्न ग्राम पंचायतों अजीतपुर, देवसर, ढाणा नरसान, हरिपुर, कलिंगा पाना अमरू, खरक कलां, खरक खांडयान पाना, मंढाणा व निमडीवाली की मतदाता सूचियों को नियम 8(2) के तहत संकलित किया गया था। इन सूचियों का अंतिम प्रकाशन 27 मार्च को कर दिया गया है।

---

## खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर सात पर लगाया दो लाख जुर्माना

■ खाद्य पदार्थ बनाने वाले प्रतिष्ठान हानिकारक पदार्थों की मिलावट ना करें : एडीसी

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि खाद्य पदार्थ बनाने वाले प्रतिष्ठान मिलावट रहित खाद्य पदार्थ ही आमजन को दें। आमजन मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों से सतर्क एवं सावधान रहें। जिला प्रशासन की मिलावट करने वाले प्रतिष्ठानों पर पैनी नजर है। एडीसी श्री करवा लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में खाद्य पदार्थों में मिलावट से संबंधित केसों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने सात मामलों की सुनवाई करते हुए करीब दो लाख का जुर्माना लगाया। उन्होंने बिना लाइसेंस के मामले में सिवानी में तोशाम रोड़ पर स्थित चौधरी मिष्ठान भंडार पर 4,999, सब स्टैंडर्ड के चार मामलों में

■ आमजन मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थो से रहें सतर्क एवं सावधान

स्थानीय लोहड़ बाजार स्थित दीपक पंसारी किरयाणा वाला पर 29,999 रुपए, बीरण स्थित बाला जी मिष्ठान भंडार पर 24,999, तोशाम में हांसी-रतेरा रोड पर स्थित एएसआर ट्रेडिंग कंपनी पर 79,999, स्थानीय घंटाघर स्थित भोला डायरी पर 19,999 रुपए तथा दिनोद गेट पुलिस चौकी पास अमित खोया भंडार पर 39,999 रुपए जुर्माना लगाया है। इसी प्रकार से बिना पंजीकरण के मामले में लोहारू के मेन बाजार स्थित कृष्ण कुमार राधेश्याम पर 1999 जुर्माना लगाया है।

### मिलावट गंभीर अपराध

एडीसी ने खाद्य पदार्थों से संबंधित केसों की सुनवाई के दौरान कहा कि मिलावट करना एक गंभीर अपराध माना गया है। आमजन को मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों से सतर्क एवं सावधान रहना चाहिए। उन्होंने दुकानदारों से आह्वान किया कि वह अपनी दुकानों पर गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखें। जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायत मिलती है तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ फूड सेफ्टी एक्ट के तहत नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

---

## वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि के खिलाफ मुकदमे के विरोध में एकजुट हुए पार्षद

■ पार्षद बोले :सभी आरोप निराधार, ठेकेदार का लाइसेंस किया जाए रद्द

**भिवानी।** वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि संदीप तंवर के खिलाफ एक ठेकेदार द्वारा मुकदमा दर्ज कराए जाने के विरोध में शुक्रवार को नगरपरिषद के सभी पार्षदों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अन्य पार्षदों ने ठेकेदार द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया। पार्षदों का तर्क था कि जब उक्त ठेकेदार के कार्य का निरीक्षण किया जाता है और घटिया निर्माण सामग्री को लेकर टोका जाता है तो वह इसी तरह के आरोप लगाता है। जो कि सरासर गलत है। पार्षदों ने नगरपरिषद से ठेकेदार का लाइसेंस रद्द किए जाने की मांग की। बैठक को संबोधित करते हुए पार्षद विनोद कुमार ने बताया कि जब भी किसी ठेकेदार के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जाता है और उसमें कोई कमी निकल आती है तो निरीक्षण करने वाले पर उल जुलूस आरोप लगाता है। उक्त ठेकेदार के कार्य में गडबड़ी मिली तो उसने पार्षद पर कई आरोप लगा दिए। पार्षद सुदामा तंवर ने बताया कि उक्त ठेकेदार इसी तरह के आरोप लगाता है। जब भी



भिवानी। आयोजित बैठक में उपस्थित पार्षद।

इसके निर्माण कार्य में कोई कमी निकलती है तो वह पार्षदों पर भ्रष्टाचार के आरोप जड़ने लगता है। पार्षद संदीप ने भी ठेकेदार पर इसी तरह के आरोप लगा दिए। सभी पार्षदों ने आरोपों को निराधार बताया और इस मामले में ठेकेदार का लाईसेंस रद्द किए जाने की मांग की। मौके पर सभी पार्षद मौजूद रहे पार्षद मनीष गुरेजा, प्रवीण चावला सूर्या तंवर, बिल्लू बादशाह सुदामा तंवर संदीप यादव अंकुर कौशिक, जयवीर रंगा,सुभाष, अनिल व पार्षद मौजूद थे।

---

## परेशान आमजनः अफवाहों ने वाहन चालकों को खूब दौड़ाया

# भीड़ उमड़ने से एक-दो पम्प हुए ड्राई बाद में पेट्रोल-डीजल मिलने से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सोशल मीडिया पर पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल व डीजल की कमी की ऐसी अफवाह फैली की वाहन चालक अपने वाहनों को लेकर पम्पों की तरफ दौड पड़े। वाहनों की टंकी ही नहीं बल्कि घर में जो भी तेल डलवाने का सामान मिला। उसी को लेकर चल पड़े। अफवाहों की वजह से कई दोपहिया वाहन चालकों ने टंकी भरवाने के बाद कैन में भी तेल भरवाना शुरू कर दिया,लेकिन पेट्रोल पम्प संचालकों ने कैन में तेल डालने से इंकार कर दिया।

तब जाकर वाहन चालकों ने केवल अपने वाहनों में ही तेल डलवाया। लोगों की ज्यादा संख्या के चलते शहर के दो पेट्रोल पम्पों पर तेल खतम भी हो गया,लेकिन देर शाम उन सभी पम्पों पर तेल की सप्लाई पहुंच गई थी, जो दिन में ड्राई हो गए थे। सुबह सवेरे सोशल मीडिया पर तेल की कमी की ऐसी अफवाह उड़ी की लोग पेट्रोल पम्पों की तरफ भागने लगे। ज्यादा भीड़ की वजह से पम्पों पर वाहन चालकों की लाइनें लगवानी शुरू कर दी। कुछ ही देर बाद व्यवस्था पटरी पर आ गई,लेकिन जिन पम्पों पर पहले से तेल का स्टॉक कम था। वे पम्प जल्दी ही ड्राई हो गई। शाम को उन पम्पों पर भी तेल डालते नजर आए।

▶▶ *अफवाहों की वजह से कई दोपहिया वाहन चालकों ने टंकी भरवाने के बाद कैन में भी तेल भरवाना शुरू कर दिया, लेकिन पेट्रोल पम्प संचालकों ने कैन में तेल डालने से इंकार कर दिया। पेट्रोल पंप संचालक ने कहा कि पेट्रोल की नहीं कोई कमी, सभी को पेट्रोल दिया जा रहा है।*




### भिवानी में एक घंटे तक इंतजार करने के बाद लोगों को मिल पा रहा पेट्रोल

भिवानी में पेरोल पंप के बाहर लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। हालात ऐसे हैं कि लोगों को करीब एक घंटे तक लाइन में लगकर पेट्रोल लेना पड़ रहा है। इस वजह से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और लोगों में नाराजगी भी साफ देखने को मिल रही है। भिवानी के पेट्रोल पंपों पर इन दिनों भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही लोग अपनी गाडियों के साथ लंबी कतारों में खड़े नजर आते हैं। एक-एक घंटे तक इंतजार करने के बाद लोगों को पेट्रोल मिल पा रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। पैट्रोल के लिए लाइन में लगे लोगों का कहना है कि उन्हे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पहले गैस सिलेंडर के लिए लाइन लगती थी और अब पेट्रोल के लिए भी यही स्थिति बन गई है। उन्होंने सरकार से जल्द समाधान निकालने की मांग की है। हालांकि पेट्रोल पंप संचालक का कहना है कि पेट्रोल की कोई कमी नहीं है और सभी को पेट्रोल दिया जा रहा है। उनके अनुसार, भीड़ अधिक होने के कारण लाइनों की स्थिति बन रही है।

### पम्प संचालक बोले

पेट्रोल पंप संचालक राजेश गुप्ता ने कहा कि पेट्रोल की कोई कमी नहीं है, सभी ग्राहकों को पेट्रोल उपलब्ध कराया जा रहा है। भीड़ ज्यादा होने के कारण लाइन लग रही है। वहीं, पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी कम किए जाने के सवाल पर लोगों का कहना है कि इससे पेट्रोल के दाम कम होने की उन्हें कोई उम्मीद नहीं है। फिलहाल, भिवानी में पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारें लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन और सरकार इस समस्या का कब तक समाधान निकाल पाते हैं।

---



भिवानी। निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए।

## विधायक घनश्याम सर्राफ रोहतक गेट पहुंचे

# धीमी गति से कार्य करने पर ठेकेदार को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विधायक घनश्याम सर्राफ रोहतक गेट पहुंचे। वहां पर निर्माणाधीन अग्रसेन चौक का निरीक्षण किया। वहां पर निर्माण कार्य धीमी गति से होता मिला। जिस पर विधायक सर्राफ ने ठेकेदार को फटकार लगाई और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही विधायक ने चेतावनी दी कि अगर ठेकेदार अपनी कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं करता तो नगरपरिषद के अधिकारियों के माध्यम से ठेकेदार को बदलवाने की सिफारिश करेंगे।

विधायक श्री सर्राफ ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि तीन माह पहले ठेकेदार को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। उनको यह कहा गया था कि जल्द ही इस कार्य को पूरा किया जाए। उसके

**कार्य में तेजी नहीं लाए तो ठेकेदार को बदलवाया जाएगा : सर्राफ**

बाद अन्य चौक का निर्माण शुरू होगा। निर्देश देने के बावजूद भी ठेकेदार की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि महाराज अग्रसेन चौक पर 18 गेट लगाए गए है। जो कि सभी समाज के गौत्र के नाम पर है। इनके अलावा तीन गेट और भी है। जिनमें से लोगों को आने व जाने के लिए रास्ता होगा। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज के हित में अनेक नीतियों को लागू किया था। उन्होंने समाज को एक नई दिशा व रास्ता दिखाया था। उन द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलने वाले व्यक्ति को जीवन में कभी भी असफलता का मुख नहीं देखना पड़ेगा।

---

## मनरेगा सोशल ऑडिट जनसुनवाई में 32 ग्राम पंचायतों की शिकायतों पर मंथन

**बाढ़ड़ा।** खंड बाढ़ड़ा में मनरेगा विभाग द्वारा सोशल ऑडिट के अंतर्गत पब्लिक हियरिंग (जनसुनवाई) हुई। जनसुनवाई बीडीपीओ दीपक शर्मा के दिशा-निर्देशानुसार हुई, जिसमें वर्ष 2024-25 के दौरान 32 ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों से संबंधित शिकायतों एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में ब्लॉक रिसोर्सपर्सन एवं विलेज रिसोर्सपर्सन ने भाग लेते हुए सोशल ऑडिट के दौरान सामने आई समस्याओं और सुझावों पर अपना फीडबैक दिया। इससे पूर्व संबंधित ग्राम सभाओं की बैठकें आयोजित की, जिनके आधार पर जनसुनवाई बुलाई गई। पब्लिक हियरिंग वर्ष में एक बार की जाती है, जिसका उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करना होता है। मनरेगा एबीपीओ वरुण सिवाच ने बताया कि सोशल ऑडिट का कैलेंडर चंडीगढ़ स्थित सोशल ऑडिट यूनिट द्वारा जारी

■ विकास कार्यों से संबंधित शिकायतों एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की

किया जाता है। मनरेगा के तहत नहरों की सफाई, पौधरोपण, झोड़ों की खुदाई व रास्तों के समतलीकरण जैसे कई विकास कार्य करवाए गए हैं। सोशल ऑडिट प्रक्रिया के जरिए पंचायत स्तर पर लंबित समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान की दिशा में कदम उठाए जाते हैं।

वहीं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत नीति आयोग के एबी फेलो मणीप्रकाश ने पूर्णता अभियान-2 के अंतर्गत निर्धारित छह प्रमुख सूचकांकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल तक इन लक्ष्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में कार्यालय लिपिक विनोद सांगवान, ग्राम सचिव दीपक, वैभव, अभिनव, अमित तथा मनरेगा के कनिष्ठ अभियंता विकास आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मारी, ट्रैक्टर के नीचे दबने से युवक की मौत

**बवानी खेड़ा।** भिवानी-हांसी मुख्य मार्ग पर जाटू लोहारी गांव के नजदीक शुक्रवार सुबह लगभग सवा बजे मिलकपुर गांव वासी देवसर स्थित माता रानी की पूजा अर्चना करने के बाद वापस अपने गांव जाते समय उनके ट्रैक्टर को पीछे से अज्ञात हुआ हमने टक्कर मार दी टक्कर लगते ही ट्राली का हुक टूट गया हक टूटने के बाद ट्रैक्टर पलट गया तथा ट्रैक्टर पर सवार मिलकपुर निवासी 32 वर्षीय भूपेंद्र की नीचे दबने से मौत हो गई। परिजनों से उठाकर बवानी खेड़ा की नागरिक अस्पताल ले गए जहां उसकी हालत गंभीर होने के चलते उसे भिवानी के नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक संदीप मलिक ने बताया कि मिलकपुर निवासी नरेश कुमार ने लिखित शिकायत दी है कि वह मृतक भूपेंद्र का ट्रैक्टर चलाता है। वह तथा मृतक भूपेंद्र(32) जो अविवाहित था वह परिवार सहित ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर देवसर स्थित पहाड़ी माता के दर्शन व पूजा अर्चना करने के बाद वापस गांव मिलकपुर जा रहे थे तथा उसके ताऊ का लड़का नरेश कुमार जो कि उनका ट्रैक्टर चला रहा था। नरेश व मृतक भूपेंद्र ट्रैक्टर पर बैठे थे तथा अन्य परिवार के सदस्य ट्राली में सोए हुए थे। अचानक भिवानी- हांसी मुख्य मार्ग पर जाटु लोहारी गांव के नजदीक पहुंचे तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी टक्कर लगते ही उसकी ट्राली का हुक टूट गया। हुक टूटने के बाद ट्रैक्टर पलट गया तथा भूपेंद्र उसके नीचे दब गया। मृतक के ताऊ के लड़के नरेश कुमार के बयान पर अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## भिवानी में चार को सजेगा तलवारबाजी का मंच, प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू

**भिवानी।** भिवानी के खेल प्रेमियों एवं तलवारबाजी के खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। नई अनाजमंडी स्थित भिवानी कराटे एकेडमी में शुक्रवार को फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ भिवानी की अहम बैठक हुई। बैठक में जिला स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता की तारीखों और रूपरेखा का औपचारिक ऐलान किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि जिला स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता चार अप्रैल को भिवानी कराटे एकेडमी में होगी। प्रतियोगिता में जिलेभर के प्रतिभावान खिलाड़ी अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। संघ के सचिव रोहित वर्मा ने बताया कि स्पर्धा में लड़के एवं लड़कियां दोनों वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। मुकाबले कैडेट और सीनियर श्रेणियों में आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जिले की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं की पहचान करना है। वर्मा ने

■ चयनित राज्य फेंसिंग प्रतियोगिता में करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व : रोहित

कहा कि भिवानी हमेशा से खेलों की नर्सरी रहा है। प्रतियोगिता के माध्यम से हम बेहतरीन तलवारबाजों का चयन करेंगे जो आगे चलकर राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे। जिला स्तरीय आयोजन खिलाडियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी 7 से 9 अप्रैल तक होने वाली राज्य स्तरीय फेंसिंग प्रतियोगिता में भिवानी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाडियों के पास अपनी मेहनत को मेडल में बदलने का यह सुनहरा अवसर है। मौके पर सचिव रोहित वर्मा के साथ नरेंद्र कुमार, नितिन कुमार, विशाल सिंह, संदीप, दीपक कुमार, श्याम लाल सहित संघ के अन्य कई वरिष्ठ सदस्य और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।


---

## पूर्व सांसद जगबीर सिंह ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली, अक्टूबर से थे बीमार

# जीवन की जंग में हार गए वीर, चुनौतियों से नहीं मानी कभी हार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भले ही पूर्व सांसद एवं पूर्व सैना अधिकारी चौ. जंगबीर सिंह ने युद्ध में पाक-चीन को धूल चटाई हो,लेकिन आज जीवन की जंग में वीर हार गए। पूर्व सांसद चौधरी जंगबीर सिंह का 85 वर्ष की आयु में शुक्रवार दोपहर लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। जगबीर सिंह ने आज गुरुग्राम के मैदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे बीते अक्टूबर महीने से लगातार बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री छोडकर गए है। इस दौरान इनके बड़े बेटे कमल प्रधान व छोटे बेटे हरिकेश लगातार उनकी देखभाल में लगे थे। जंगबीर सिंह का जन्म तोशाम हलके के खरकड़ी (माखवान) गांव में एक मार्च 1941 को हुआ था। उन्होंने एमए व एलएलबी तक



भिवानी। पूर्व सीएम स्व. बंसीलाल के साथ पूर्व सांसद जंगबीर सिंह। फाइल फोटो।

पढ़ाई की और फौज में भर्ती हुए। राज राइफ़ल में रहते उन्होंने 1962 व 1965 की चीन व पाक से लड़ाई में दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। इसके बाद वो राजनीति में आए और आपातकाल के दौरान 1975 से 77 तक दो साल हिसार जेल में रहे। चौधरी जंगबीर

### पूर्व सीएम बंसीलाल के विरोध में विधानसभा का चुनाव लड़ा था



पूर्व सांसद कभी चुनौतियों से हार नहीं मानते थे। चाहे सेना हो या फिर राजनीति। सेना में नौकरी करने के बाद 1967 में पूर्व सांसद चौधरी जंगबीर सिंह ने तोशाम हलके से पूर्व सीएम स्व. बंसीलाल के विरोध में विस का चुनाव लड़ा। चुनाव में जबरदस्त मुकाबला रहा और महज 800 वोटों से हारे। 1968 में फिर तोशाम से ही बंसीलाल के खिलाफ चुनाव लड़ा। इसमें भी हारजीत का मार्जिन मामूली वोटों का ही रहा। 1977 में स्व. सुरेंद्र सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ा तो उस वक्त केवल हारजीत का फैसला महज 12 सौ वोटों का ही रहा। 1991 में पूर्व सांसद जंगबीर सिंह ने भिवानी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और वे विजयी हुए।

सिंह के पिता चौधरी रघुबीर सिंह भी फौज में सुबेदार थे। जिनसे मिली प्रेरणा से जंगबीर सिंह में भी देश सेवा व समाज सेवा का गजब का जज़्बा रहा। अपने पिता से प्रेरित होकर समाजसेवा में हमेशा अग्रणी रहे। जिसके चलते वो हरियाणा विकास पार्टी से साल 1991 से 96 तक भिवानी संसदीय सीट से लोस सांसद रहे। बड़े बेटे कमल प्रधान ने बताया कि उनके पिता का अंतिम संस्कार 28 मार्च को सुबह 11 बजे तोशाम जुई रोड स्थित चौधरी रघुबीर सिंह फ़ार्म हाउस पर पेट्रोल पंप के पास किया जाएगा।

### जब जीत बदल गई हार में ...

हरिकेश ने बताया कि एक दिन शाम के समय पिता के साथ बैठे हुए थे और बीते चुनाव पर चर्चा चल रही थी। पूर्व सांसद चौधरी जंगबीर सिंह ने बताया कि 1968 के चुनाव की बात है। मतगणना चली हुई थी। मतगणना में केवल सात आठ गांवों की गिनती बाकी थी। उनके समर्थक जीत का जश्न मनाने लगे। मतगणना केंद्र के बाहर पीपे बजाने लगे,लेकिन गिनती खतम हुई तो उनको महज आठ सौ वोटों के अंतर से हारना पड़ा। इसी तरह 1977 के चुनाव का वाक्या सुनाते हुए कहा कि उनके जनसम्पर्क अभियान में गांव ईश्वरवाल से लेकर गांव खरकड़ी माख्वान तक जुलूस था। जो कि करीब 16 से 17 किलोमीटर का फासला है। इतना लम्बा जुलूस होने के बावजूद भी उनको हार का मुख देखना पड़ा। वे कहा करते थे कि राजनीति किस वक्त किस करवट बैठे। इसके बारे में कोई नहीं जानता।

### जिंदगी में कभी माटी पानी मत बेचना

अक्सर शाम के वक्त दोनों पुत्र (कमल व हरिकेश) बैठ जाते और पिता से जीवन से जुड़े संस्मरण सुनाने के लिए कहते। एक दिन पूर्व सांसद जंगबीर सिंह ने कहा कि बेटा कभी जीवन में मिट्टी, पानी को मत बेचना। चूंकि किसी व्यक्ति को इन चीजों की जरूरत होती है वह तभी लेने के लिए आता है। उस समय उनकी मजबूरी होती है। इन दोनों चीजों की बिक्री से कमाया गया धन कभी रूकता नहीं। बाद में ये दोनों चीज भी वापस नहीं मिलती। सारा जीवन पछताना ही पड़ता है। साथ ही वे कहा करते थे कि कभी भी किसी व्यक्ति पर पैसे के बदले ब्याज नहीं लेना। क्योकि जो भी व्यक्ति पैसे लेने के लिए किसी की दहलीज पर आता है तो उसकी मजबूरी होती है। किसी भी व्यक्ति की मजबूरी का कोई फायदा नहीं उठाना।



# इच्छामृत्यु पर आधारित मर्सी की पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** आदित हुसैन स्टारर फिल्म मर्सी की पहली झलक आज सामने आ गई है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। कई फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म की पहली झलक देखने के बाद फैंस का उत्साह फिल्म को लेकर और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हर विदाई में प्यार और बिछड़ने की कहानी छिपी होती है। 'मर्सी' की पहली झलक चुनिंदा सिनेमाघरों में धुरंधर द रिवेंज के साथ दिखाई जा रही है। मर्सी जुड़ाव, देखभाल और जाने देने के लिए जरूरी शांत शक्ति की एक गहरी मानवीय कहानी दिखाती है। 'मर्सी' भारत भर में 24 अप्रैल को रिलीज हो रही है।'मर्सी निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित है। फिल्म में गहरा इमोशन, दुख और दर्द देखने को मिलता है।


लाइफ Style

# आरती
## कई फिल्मों में काटे गए मेरे रोल्स

अभिनेत्री आरती छाबड़िया ने बॉलीवुड में होने वाली राजनीति को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कैसे कई फिल्मों से उनके रोल काट दिए गए। अभिनेत्री आरती छाबड़िया काफी समय से लाइमलाइट से दूर हैं। उनकी आखिरी प्रमुख भूमिका 2010 में आई फिल्म 'मिलेंगे मिलेंगे' में थी। अब वह बॉलीवुड में वापसी करने की तैयारी में हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

आरती का ऐसा कहना है कि वो अपने कॅरियर में कई बार बॉलीवुड में होने वाली राजनीति का शिकार हुई हैं। जिसके चलते कभी उनका रोल कट गया, तो कभी उनका पूरा गाना ही फिल्म से हटा दिया गया। आरती छाबड़िया ने इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स के कारण अपने पेशेवर जीवन में आई बाधाओं के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि पार्टनर, शूटआउट एट लोखंडवाला, मिलेंगे मिलेंगे और अन्य फिल्मों में उनके कई सीन काट दिए गए थे। टाइटल रोल निभाने के बावजूद, ऐसा लगता था जैसे मैं फिल्म में दिख ही नहीं रही। कई फिल्में ऐसी थीं, जिनमें मेरे सीन काट दिए गए और गाने शूट होने के बाद हटा दिए गए। मिलेंगे मिलेंगे में शाहिद कपूर के साथ मेरा पूरा गाना था, लेकिन उसे काट दिया गया। बोनी उस फिल्म के प्रोड्यूसर थे और सतीश कौशिक ने डायरेक्ट किया था। आपको पता नहीं होता कि ये फैसले क्यों लिए जाते हैं। हम कलाकार हमेशा प्रोड्यूसर के फैसले का सम्मान करते हैं और हमें कोई पछतावा नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि सिर्फ एक ही फिल्म में नहीं, बल्कि कई फिल्मों में मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। ऐसी कई फिल्में थीं, जिनमें अलग-अलग कारणों से मेरे रोल काट दिए गए थे। जैसे कि सलमान खान और गोविंदा की 'पार्टनर' में मेरी भूमिका वैसी नहीं थी जैसी तय की गई थी।




## हॉलीवुड मसाला




# स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे का धमाका

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही इंटरनेट पर छा गया और अब इसने एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना लिया है। स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और अब इस फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, टॉम हॉलैंड स्टारर इस फिल्म के ट्रेलर ने कुछ ही दिनों में 1 बिलियन (100 करोड़) व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। यह ऐसा करने वाला पहला फिल्म ट्रेलर बन गया है, जिसने इतनी बड़ा मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। पहले 24 घंटों में ही करोड़ों व्यूज मिल गए थे और सिर्फ कुछ दिनों में यह 1 बिलियन के पार पहुंच गया।




# 2029 से लॉस एंजिल्स में होगा ऑस्कर का आयोजन

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की सबसे बड़ी शाम ऑस्कर्स अपनी जगह बदलने वाली है। ऑस्कर डॉल्बी थिएटर से ट्रांसफर होकर लॉस एंजिल्स लाइव के पीकॉक थिएटर में जारी रहेगा और ये सिलसिला 2029 से शुरू होकर 2039 तक चलेगा। इसके तहत एईजी के साथ 10 साल की साझेदारी हुई है। एक अलग अधिकार समझौते के माध्यम से 2033 तक चलने वाले इस समारोह का ग्लोबल लेवल पर यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस नई वाली लोकेशन पर कोई भी शॉपिंग सेंटर नहीं है। अकादमी ने कहा कि पीकॉक थिएटर, जो 2008 से प्राइमटाइम एमी अवार्ड्स का भी आयोजन स्थल रहा है, खेल और मनोरंजन जगत की दिग्गज कंपनी एईजी (जो लॉस एंजिल्स लाइव की मालिक है) के साथ हुए नए समझौते के तहत इस अंदर व्यापक सुधार होने हैं। प्रेस रिलीज में बताया गया है कि एल.ए. लाइव प्लाजा जहां वर्तमान में स्पोर्ट्स बार रेस्टोरेंट चेन यार्ड हाउस सहित डाइनिंग के कई ऑपशन उपलब्ध हैं। अब यह प्रतिष्ठित ऑस्कर रेड कार्पेट का स्थल होगा। साल 2002 से ऑस्कर समारोह हॉलीवुड बुलेवार्ड पर स्थित डॉल्बी थिएटर (पूर्व में कोडक थिएटर) में आयोजित किया जाता रहा है।



# खचाखच भरे थिएटर में छुपकर देखी धुरंधर 2

**मुंबई।** निर्देशक आदित्य धर की पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने चुपके से खचाखच भरे सिनेमाघर में 'धुरंधर 2' देखी। उन्हें अपना चेहरा छुपाते हुए और अपनी बहन सुरीली को चुप रहने का इशारा भी किया, ताकि दर्शक उन्हें देख न सकें। उनका यह वीडियो अब फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। यामी की बहन सुरीली गौतम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें यामी थिएटर में खचाखच भरे दर्शकों के बीच फिल्म देख रही थीं। यामी ने भी इस वीडियो को अपने अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। जिस पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। इस वीडियो में यामी फिल्म 'धुरंधर 2' के स्क्रीन पर अपनी छोटी कैमियो भूमिका (नर्स का रोल) देखकर शर्मा रही थीं। उन्होंने अपना चेहरा छुपाया और सुरीली को चुप रहने का इशारा किया, ताकि आसपास बैठे लोग उन्हें पहचान न सकें।



# शेयर किया मस्ती भरा है ये समा का वीडियो

**मुंबई।** कुमार सानू बॉलीवुड के बेहतरीन गायकों में से एक हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने कई फिल्मों को शानदार गाने दिए। उनके पास इससे जुड़ी कई यादें हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया और इससे जुड़ा एक किस्सा सुनाया है। इंस्टाग्राम पर कुमार सानू ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 90 के दशक के एक डुएट सॉन्ग 'मस्ती भरा है ये समा' की रिकॉर्डिंग की झलक पेश की। गायक ने आगे लिखा, 'इस खूबसूरत डुएट गाने को सुनते ही मैं सीधे फिल्म 'दिल है कि मानता नहीं' की रिकॉर्डिंग सत्रों में खो जाता हूं। वह समय संगीत, जुनून और शानदार लोगों से भरा हुआ था। रिकॉर्डिंग के दौरान का माहौल बहुत मस्ती भरा और यादगार था।' कुमार सानू ने लिखा, 'मुझे सबसे ज्यादा गुलशन कुमार जी याद आते हैं।

## टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 नहीं हो रहा है बंद

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को लेकर कुछ दिनों से खबर आ रही है कि शो बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबरें आ रही थीं कि शो को क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, ये सब खबरें गलत हैं। स्टार प्लस ने एक स्टेटमेंट जारी कर अब पूरा सच बताया है। इसके अलावा शो की लीड एक्ट्रेस स्मृति ईरानी का भी इन खबरों पर रिएक्शन आ गया है। मेकर्स ने दरअसल, शो के बंद होने की खबर के वायरल होने के बाद स्पेशयली स्टेटमेंट जारी किया। उन्होंने दर्शकों को क्लीयर किया, 'हमने नोटिस किया कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी का सीजन 2 बंद होने वाला है और इसे क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, हम क्लीयर करना चाहेंगे कि ये रिपोर्ट्स फालतू की हैं। हम ना तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को बंद कर रहे हैं और ना अभी तक शो की एंड डेट कोई आई है।'इस स्टेटमेंट को शेयर कर कैप्शन में लिखा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी रोज रात को 10.30 बजे सिर्फ स्टार प्लस में और कभी भी जियो हॉटस्टार पर। बता दें कि हाल ही में ऐसी अफवाह थी कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबर थी कि नया शो प्लान किया जा रहा है क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं टाइटल के साथ। इसमें अंगद और वृंदा की लाइफ पर फोकस किया जाएगा।

## ट्रेन में हुई थी सीरियल की शूटिंग

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन पर कई ऐसे शोज आए जो आज के वक्त में भी याद किए जाते हैं। ऐसा ही दूरदर्शन का एक शो था जिसका ज्यादातर हिस्सा भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक में



शूट हुआ था। हम जिस शो की बात कर रहे हैं उस शो का नाम है यात्रा। यात्रा दूरदर्शन पर साल 1986 में प्रसारित हुआ था। इस सीरियल में कुल 15 एपिसोड्स थे। जिस वक्त ये सीरियल रिलीज हुआ था इसे काफी पसंद किया गया था। दूरदर्शन के इस सीरियल को श्याम बेनेगल ने डायरेक्ट किया था। दूरदर्शन के शो यात्रा की शूटिंग हिमसागर एक्सप्रेस और त्रिपुरा एक्सप्रेस में हुई थी। हिमसागर एक्सप्रेस, भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक है। हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलने वाली ट्रेन है। श्याम बेनेगल के शो की कास्ट की बात करें तो इस शो में ओम पुरी, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, ईला अरुण, राजेंद्र गुप्ता, मोहन गोखले और हिमानी शिवपुरी जैसे कलाकार नजर आए थे।



# मां का सम में दिखी मोना और मिहिर की लॉजिकल कहानी

**मुंबई।** 'मां का सम' नई सीरीज का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हुआ। सीरीज के ट्रेलर में रोमांटिक, एक्शन और थ्रिलर की जगह लॉजिकल कहानी नजर आई। यह कहानी एक 19 साल के मैथ जीनियस लड़के की है। 'मां का सम' सीरीज 3 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। 'मां का सम' के ट्रेलर में अगस्त्य (मिहिर आहूजा) से मिलवाया गया है, जो 19 साल का लड़का है और मैथ में जीनियस है। उसका मानना है कि 'मैथ हो या प्यार दोनों में एक ही इक्वेशन है।' अगस्त्य (मिहिर आहूजा) अपनी सिंगल मां विनीता (मोना सिंह) के लिए एक परफेक्ट पार्टनर ढूंढने का मिशन शुरू करता है, जिसका नाम रखता है-प्रोजेक्ट मॉम। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लॉजिक और भावनाएं दोनों साथ चलती हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है अगस्त्य के बनाए हुए सारे फॉर्मूले बिगड़ने लगते हैं। कहानी में एक नई मैथ प्रोफेसर इरा (अंगिरा धर) भी आती है। अगस्त्य और इरा मिलकर एक एल्गोरिदम बनाते हैं, जो परफेक्ट मैच ढूंढने में मदद करे। लेकिन धीरे-धीरे भावनाएं अगस्त्य की कैलकुलेटेड दुनिया में घुसने लगती हैं और सारी गणित उलझ जाती है। मोना सिंह ने इस सीरीज में विनीता का किरदार निभाया है।

# इस वीकएंड रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** थिएटर्स में 'धुरंधर 2' का हल्ला है। आज नवमी पूजन के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन हो गया है। यह फेस्टिव वीकएंड मनोरंजन के लिहाज से काफी खास है। इस सप्ताह एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर कई सीरीज और फिल्में आ रही हैं।

### ओ रोमियो

सिनेमाघरों के बाद शाहिद कपूर की ओ रोमियो ने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। इसके निर्देशन की कमान विशाल भारद्वाज ने संभाली। ओ रोमियो एक डार्क रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 27 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। हालांकि, गौर करने वाली बात ये है कि फिलहाल यह रेंट पर उपलब्ध होगी।



### डिटेक्टिव होल

अगर आपको क्राइम ड्रामा पसंद हैं तो इसे अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। यह नॉर्वेजियन क्राइम ड्रामा एक परेशान जासूस की कहानी पर आधारित है, जिसे ओस्लो में हुई बेरहम हत्याओं की एक कड़ी की जांच करने का काम सौंपा जाता है। साथ ही वह अपने अंदर के संघर्षों से भी जूझ रहा होता है। उसकी जांच में एक भ्रष्ट सहकर्मी भी बाधा डालता है, जिसका उसे सामना करना पड़ता है। 'डिटेक्टिव होल' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

### बीटीएस द रिटर्न

डॉक्यूमेंट्री 'बीटीएस-द रिटर्न' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह डॉक्यूमेंट्री BTS के मिलिट्री सर्विस से लौटने के बाद उनके कमबैक के पीछे की कहानी दिखाती है। बैंड के लिए लोगों की दीवानगी इसमें देखने को मिलेगी। बता दें कि 'बीटीएस' लोकप्रिय दक्षिण कोरियाई बैंड है। के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने लंबे ब्रेक के बाद वापसी की है। 'बीटीएस द रिटर्न' डॉक्यूमेंट्री 27 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### प्रजापति 2

इस वीकएंड की लिस्ट में 'प्रजापित 2' भी शामिल है। मिथुन चक्रवर्ती और देव एक बार फिर साथ नजर आएंगे। यह एक ऐसे पिता की कहानी पर आधारित है, जो अपने बेटे की दूसरी शादी कराना चाहता है। वहीं बेटा अपनी जिम्मेदारियों के बीच फंसा है। इसे दर्शक 27 मार्च से जी5 पर देख रहे हैं।

### कट्टान

यह मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज है। इसका निर्देशन एम. मणिकंदन ने किया है। सीरीज की कहानी एक छोटे से गांव में एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। सीरीज में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं। उनके अलावा मिलिंद सोमन, सुदेव नायर, वीजे पार्वती भी इसका हिस्सा हैं।

# ये हैं टॉप 10 स्टार्स, जिनकी फिल्मों ने वर्ल्डवाइड की ज्यादा कमाई

**नई दिल्ली।** कई स्टार्स की फिल्में हैं जिन्होंने ना सिर्फ भारत बल्कि वर्ल्डवाइड भी खूब कमाल किया है। आज हम आपको स्टार्स की लास्ट 10 फिल्मों के हिसाब से सबसे ज्यादा ग्रॉस वर्ल्डवाइड कमाई के कलेक्शन के बारे में बताएंगे। जानें आईएमडीबी इस लिस्ट में आपके फेवरेट स्टार्स किस नंबर पर हैं।

### प्रभास

प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों की बात करें तो राजा साब : 208.6 करोड़, कल्कि 2898 एडी : 1052.4 करोड़, सालार पार्ट 1 : 618.2 करोड़, आदिपुरुष :356.2 करोड़, राधे श्याम : 148.8 करोड़, साहो 432.4 करोड़, बाहुबली 2 : 1782.4 करोड़, बाहुबली : 600.6 करोड़, मिर्ची : 83.4 करोड़,रेबेल : 45.8 करोड़। इसकी के साथ उनका लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़ है।

### आमिर खान

आमिर खान की फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर : 267.5 करोड़, लाल सिंह चड्ढा 133.2 करोड़, ठग्स ऑफ हिंदोस्तान 318.2 करोड़, दंगल 1924 करोड़ पीके 760.3 करोड़, धूम 3 545.8 करोड़, तलाश 175.8 करोड़, 3 इडियट्स 397.3 करोड़, गजनी 194.2 करोड़, तारे जमीन पर 98.5 करोड़। इसी के साथ आमिर का टोटल लास्ट 10 फिल्मों का कलेक्शन 4815.5 करोड़ है।

## प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़

### शाहरुख खान

शाहरुख खान की बात करें तो उनकी फिल्म डंकी के 453.8 करोड़, जवान 1150.7 करोड़, पठान 1042.2 करोड़,जीरो 182.8 करोड़, जब हैरी मेट सेजल 147.8 करोड़, रईस 281.2 करोड़, डियर जिंदगी 135.2 करोड़, फैन 182.3 करोड़, दिलवाले 376.8 करोड़, हैप्पी न्यू ईयर 382.8 करोड़। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 4335.6 करोड़ है।



### सलमान खान

सलमान खान की बात करें तो टाइगर 3 : 466.7 करोड़, किसी का भाई किसी की जान 182.5 करोड़, दबंग 3 230.9 करोड़, भारत 325.5 करोड़, रेस 3 294.8 करोड़, टाइगर जिंदा है 565.5 करोड़, ट्यूबलाइट 211.2 करोड़, सुल्तान 618.8 करोड़, प्रेम रतन धन पायो 367.2 करोड़, बजरंगी भाई जान 918.2 करोड़ है। इसी के साथ सलमान का टोटल कलेक्शन 4181.3 करोड़ है।

### रणवीर सिंह

रणवीर सिंह की बात करें तो उनकी फिल्म धुरंधर 1307, रॉकी और रानी की प्रेम करानी 352, सर्कस 59.2 करोड़, जयशभाई जोरदार 14.8, गली बॉय 229.2 करोड़, सिम्बा 387.6 करोड़, पद्मावत 546.2 करोड़, बेफिक्रे 96.8 करोड़, बाजीराव मस्तानी 354.2 करोड़ है। इसी के साथ रणवीर का टोटल कलेक्शन 3529.6 करोड़ है।

### रजनीकांत

रजनीकांत की फिल्मों की बात करें तो कुली 516.8 करोड़, वेट्टैयन 240.8 करोड़, जेलर 605.8 करोड़, अन्नाते 146.2 करोड़, दरबार 198.3 करोड़, पेट्टा 216.2 करोड़, रोबॉट 2.0 693.2 करोड़, काला 153.9 करोड़, कबाली 294.2 करोड़, लिंगा 136.2 करोड़। इसी के साथ रजनीकांत का टोटल कलेक्शन 3201.6 करोड़ है।

**विजय :** विजय की मूवीज की बात करें तो द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम 452.8 करोड़, लियो 615.6 करोड़, वरिसु 292.8 करोड़, बीस्ट 216.4 करोड़, मास्टर 225.3 करोड़,बिगिल 295.2 करोड़, सरकार 243.5 करोड़, मर्साल 244.8 करोड़, बैरावा 110.8 करोड़, तहरी 143.6 करोड़ है। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 2840.8 करोड़ है।

**रणबीर कपूरः** रणबीर कपूर की लास्ट मूवीज की में एनिमल 910.4 करोड़, तू झूठी मैं मक्कार 192.8 करोड़, ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 शिवा 418.6 करोड़, शमशेरा 60.8 करोड़, संजू 565.5 करोड़, ऐ दिल है मुश्किल 228.4 करोड़, तमाशा 131.6 करोड़, बॉम्बे वेलवेट 42.8 करोड़, रॉय 55.2 करोड़ है। टोटल कलेक्शन 2689.3 करोड़ है।

**ऋतिक रोशनः** ऋतिक रोशन की बात करें तो उनकी मूवीज वॉर 2 ने 348.6 करोड़, फाइटर 338.4 करोड़, विक्रम वेधा 134.2 करोड़, वॉर 442.6 करोड़, सुपर 30 204.2 करोड़,काबिल 154.6 करोड़, मोहनजो दारो 103.2 करोड़, बैंग बैंग 254.2 करोड़, कृष 3 291.4 करोड़, अग्निपथ 190.2 करोड़। फिल्म का टोटल कलेक्शन 2461.6 करोड़ है।

**जूनियर एनटीआरः** जूनियर एनटीआर की मूवीज की बात करें तो देवरा 423.2 करोड़, आरआरआर 1291.2 करोड़, अरविंद समेता वीरा राघवा 143.2 करोड़, जय लावा कुसा 124.8 करोड़, जनाता गराज 131.2 करोड़, नन्नाकु प्रेमातो 85.2 करोड़, टेम्पर 74.2 करोड़, रहस्य 40.6 करोड़, रमैया वस्तावैया 51.4 करोड़, बादशाह 75.8 करोड़ है। इसी के साथ मूवी का टोटल कलेक्शन 2440.8 करोड़ है।

## खबर संक्षेप

### पीएमएफएमई योजना मददगार: उपायुक्त

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत विशेष पहल की जा रही है। इस योजना के तहत इच्छुक लाभार्थी अपने नए अथवा मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम की स्थापना, विस्तार एवं उन्नयन के लिए आवेदन कर सकते हैं। सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने में पीएमएफएमई योजना कारगर साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ऋण पूंजी पर 35 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये निर्धारित है।

### चौड़े पाइप डालने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**तोशाम।** विभिन्न तोशामवासियों व दुकानदारों ने मुख्य बाजार में टूटे हुए रोड तथा सीवरेज से निकलते गंदे पानी की समस्या के स्थाई समाधान और पानी की निकासी के लिए तोशाम बाजार में डाले जा रहे छोटे पाइपों की जगह कम से कम 3 फीट चौड़े पाइप डालने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय में मौजूद कर्मचारी को ज्ञापन सौंपा। तोशाम निवासी रमेश चंद्र नाफरिया, विजय कुमार, सुशील, रमेश नागपाल, देशराज, राजवीर, रमेश बंसल, संजय बूडाकिया, नवीन, संदीप, परमानंद, सोनू, विनोद कुमार, अनिल आदि दुकानदारों ने कहा कि कई दिनों से बाजार के अधिकतर मुख्य मार्ग को उखाड़ा हुआ है।

### बाढ़ड़ा:सरकारी स्कूलों में नामांकन को कसी कमर

**बाढ़ड़ा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला और राजकीय माध्यमिक विद्यालय कारीदास के अध्यापकों ने आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए विशेष नामांकन अभियान चलाया। अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाना और अभिभावकों को सरकारी सुविधाओं के प्रति जागरूक करना है। अभियान की अगुवाई मुख्य रूप से विज्ञान अध्यापक रविंद्र कुमार व अनिल कुमार ने की। शिक्षकों की टीम ने गांव के विभिन्न मोहल्लों में जाकर घर-घर संपर्क किया। उन्होंने अभिभावकों को बताया कि सरकारी स्कूलों में न केवल उच्च गुणवता वाली शिक्षा दी जा रही है, बल्कि बच्चों को मुफ्त वर्दी, किताबें, दोपहर का भोजन मिड-डे मील और छात्रवृत्ति की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

## त्रिलोकचंद गोयल व समाजसेवी रमेश हेतमपुरिया ने की अध्यक्षता

# वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बही बयार,बच्चों ने सबका मनमोहा

**स्कूल के प्रधान त्रिलोकचंद गोयल ने विद्यालय की आगामी गतिविधियों के बारे में बताया व अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया**


भिवानी। द्वीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करवाते हुए।



भिवानी। कार्यक्रम में एसपी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल, हालुवास गेट भिवानी में लिटिल हार्टस कॉनवेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव व पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन श्री हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत चरणदास, के सानिध्य में व स्कूल के प्रधान त्रिलोकचंद गोयल व समाजसेवी रमेश हेतमपुरिया की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर प्रातःकालीन सत्र में भिवानी पुलिस अधीक्षक सुमीत कुमार तथा सायकालीन सत्र में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार जिन्दल मुख्य अतिथि के रूप में तथा पवन बुवानीवाला , सुन्दरलाल गोटेवाले, डॉ. नरेन्द्र सिंह, पी.आर.बंसल, के.के. गुप्ता एडवोकेट, इन्दु शर्मा, रीना तनेजा, ममता चौहान, ममता वधवा, अजय जालान विशिष्ट अतिथी के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ आए हुए अतिथियों द्वारा शिक्षा की देवी माँ सरस्वती, भगवान श्री गणेश व लड्डुवे गोपाल के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ।

इस अवसर पर गिगिदेवी, शकुन्तला देवी, उपाध्यक्ष आनन्द प्रकाश गोयल, महासचिव संजय गोयल, सीमा गोयल, प्रबंध निदेशक पवन गोयल व भावना गोयल, प्रबंधक सतीश गोयल व रविन्द्र गोयल, निदेशिका एश्वर्या गोयल, निदेशक रामानन्द सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल, निश्चल गोयल, मेघा जैन, साक्षी गोयल व प्रियांश गोयल विशेष रूप से उपस्थित थे। कक्षा तृतीय के बच्चों द्वारा मनमोहक रूप में गणेश वन्दना प्रस्तुत की गई।

### शैक्षणिक गतिविधियों पर डाला प्रकाश

स्कूल के प्रधान त्रिलोकचंद गोयल ने विद्यालय की आगामी गतिविधियों के बारे में बताते हुए कहा कि बच्चों, अध्यापकगण व अभिभावकों के कठिन परिश्रम की वजह से आज के परिणाम में प्री-नर्सरी, नर्सरी व के.जी. कक्षा के 97 प्रतिशत बच्चों ने प्रथम ग्रुप हासिल करते हुए कक्षा उत्तीर्ण की है तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीय कक्षा के 650 विद्यार्थियों ने स्कोलरशिप प्राप्त की है जो कि विद्यालय व उनके अभिभावकों के लिए गर्व का विषय है। प्रबंध निदेशक पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि स्कूल द्वारा शैक्षणिक सत्र के दौरान बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए बच्चों की खेल-कूद संबंधी गतिविधियाँ, जुडो, कराटे, संगीत, इंगलिश स्पीकिंग क्लास, कम्पीटीटीव क्लास, आर्ट व क्राफट, परसनेलटी डेवलपमेन्ट व स्टेज कान्फीडेन्स आदि पर विशेष ध्यान दिया जाता है। जिससे विद्यार्थियों में अपनी सभ्यता, संस्कार व संस्कृति के प्रति जुड़ाव पैदा हो सके और वे भविष्य में एक अच्छे समाज की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सके।

### स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की

इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया व साक्षी, मनन, युक्त, कार्तिक, महक, रितिक, तेजस, विषु, दृष्टि, रिहान, नव्या, धैर्य ने शानदार जुडो-कराटे व महक, हर्ष, तरूण, हितेश, समर, कोकिल, युक्त, कार्तिक, सुमित ने अत्यंत आकर्षक ऑर्केस्ट्रा संगीत की प्रस्तुती दी। प्राचार्या वीना सेठ ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के विकास का सबसे उत्तम माध्यम है। उन्होने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्य गतिविधियों में भी रूचि के अनुसार भाग लेना चाहिए। द्वितीय कक्षा के युवाम, आध्या, युविका, दिव्यांश, दिव्यम, किर्ति, आशवी ने 'पंजाबी नृत्य', नित्विका, हियान, केशवी, ईवा, लावन्या ने 'शिक्षा पर आधारित नृत्य', रिया, आराध्या, द्विजा, तनुज, श्रेयान, कृशांत, तरूण, यश ने 'मेरा नाम चीन-चीन चू', आर्ची, दर्श, सोम्या, भव्या, प्रियांश, आल्या ने 'मेड इन इंडिया', सर्वम, आंशी, मनन, वन्दित ने 'ओ माई फ्रैंड गणेशा' तृतीय कक्षा के योगित, देव, खुशी, युक्त, सार्थक, रक्षिता, देवांश, हियान ने 'पहलगाम हमले पर आधारित नृत्य', पूर्वी, सारिका, नव्या, हितांशी, वान्या, दक्ष ने 'डांडिया', आदिति, आरव, लव्या, टविंकल, दैविक, छवि ने 'हरियाणवी नृत्य' मायरा, जिविका, कनिष्का, नक्ष, दिव्यांशी, दिव्या, रियांश ने 'मोबाईल विषय पर आधारित नाटिका' आदि गीतो पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन जानवी, देवांश, पार्थ सोलंकी, माही, मायरा, कार्तिक बंसल के साथ-साथ ऐश्वर्या सिंघल द्वारा किया गया। आए हुए अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

## श्रीमती देवीबाई आश्रम में रामनवमी पर कार्यक्रम

# कन्या पूजन से दिया नारी सम्मान का संदेश


भिवानी। श्रीमति देवीबाई आश्रम में कन्या पूजन में शामिल श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

चैत्र नवरात्रि की नौवीं तिथि पर रामगंज महोल्ला स्थित श्रीमती देवीबाई आश्रम में आध्यात्मिक उत्साह एवं सामाजिक चेतना का अनूठा संगम देखने को मिला। शक्रवार को रामनवमी पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की खुशियां मनाई, वहीं कन्या पूजन के माध्यम से नारीशक्ति की महिमा का गुणगान किया। उत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ से हुआ।

पंडित तेज शास्त्री एवं कार्तिकेय शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुए अनुष्ठान से पूरा आश्रम परिसर भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालकर विश्व कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की। नवरात्रि के समापन पर आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। आश्रम में आई नन्हीं कन्याओं को साक्षात मां दुर्गा का स्वरूप मानते हुए श्रद्धालुओं ने उनके चरण पखारे और उन्हें तिलक लगाकर सम्मानपूर्वक भोजन कराया। पूजन के पश्चात सभी कन्याओं को उपहार और दक्षिणा भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। आयोजन के दौरान आश्रम के प्रधान आशु कामरा ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ केवल नारा नहीं, बल्कि समाज को बदलने वाला संकल्प है। जब हम हर कन्या में मां दुर्गा की शक्ति का अनुभव करेंगे, तभी समाज में वास्तविक समानता और प्रगति संभव है। वरिष्ठ अधिवक्ता अविनाश सरदाना ने कहा कि बेटियों को समान अधिकार और सम्मान देना ही समाज की असली उन्नति है, कन्या पूजन केवल एक दिन का धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह हर घर का संस्कार होना चाहिए, ताकि बेटियों को वह सम्मान मिल सके जिसकी वे हकदार हैं। इस मौके पर कपिल छाबड़ा, कैलाश कुराना, शेखर कुमार, योगेश महता सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मां भगवती के जागरण में भक्तों ने झुकाया शीश


बवानीखेड़ा। जागरण में उपस्थित नपा चेयरमैन सुंदर अत्री। फोटो :हरिभूमि

बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा तुलसी चैक में नवनिर्मित पैतृक मित्तल भवन के उद्घाटन उपलक्ष्य में भव्य माता रानी के जागरण का आयोजन किया गया। श्रीमती विद्यादेवी, रतन जैन, बलराज जैन, सुशील जैन, बलवंत जैन, ललित जैन, अमित जैन एवं दीपक जैन द्वारा अपने पैतृक मकान का नवनिर्माण कर उसे आधुनिक एवं भव्य स्वरूप प्रदान किया गया। इस शुभ अवसर पर पितरों की पुण्य स्मृति में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ माता रानी का विशाल जागरण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री, उमेश उमरा उपस्थित रहे। उनके सान्निध्य एवं अध्यक्षता में माता रानी के समक्ष विधिवत दीप प्रज्वलन किया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा एवं श्रद्धा का संचार हुआ। इस पावन अवसर पर देश के विभिन्न स्थानों से अहमदाबाद, कलकत्ता, तिनसुकिया एवं दिल्ली से परिवारजन एवं रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए। जागरण के दौरान भजन-कीर्तन एवं माता रानी की महिमा का गुणगान किया गया।


भिवानी। अभियान के दौरान उपस्थित समाज के लोग।

### ज्योतिबा फूले जयंती समारोह के लिए लगाई ड्यूटी

**भिवानी।** सैनी कल्याण परिषद की बैठक डोभी तालाब के नजदीक सैनी नगर स्थित सैनी धर्मशाला में परिषद के प्रधान रूप सिंह सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सैनी समाज के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया और समाज के उत्थान तथा आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भविष्य में भिवानी में होने वाले समाज के सभी कार्यक्रम सैनी कल्याण परिषद के निर्देशन में आयोजित किए जाएंगे। समाज के लोगों ने एकजुट होकर परिषद के मार्गदर्शन में कार्य करने और समाज को नई दिशा देने का संकल्प लिया। सैनी नगर के प्रधान कृष्ण सैनी ने परिषद की सराहना करते हुए कहा कि सैनी कल्याण परिषद पूरे भिवानी जिले की एक पंजीकृत संस्था है, जिसने सदैव समाज हित में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में सभी सामाजिक कार्य प्रधान रूप सिंह की अध्यक्षता में ही संपन्न होंगे। बैठक का मुख्य केंद्र 11 अप्रैल को हनुमान ढाणी में मनाई जाने वाली महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती रही। प्रधान भूप सिंह सैनी ने बताया कि जयंती समारोह में बतौर मुख्यअतिथि केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी रहेंगी तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक घनश्याम सर्राफ, भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक और नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप शिरकत करेंगे।

# समिति प्रबंधक प्रदीप रिटायर

■ ग्रामीणों ने पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित


भिवानी। सेवानिवृत्ति अवसर पर पगडी पहनाकर विदाई देते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

गांव लोहारी जाटू स्थित पैक्स सोसायटी के प्रबंधक प्रदीप तंवर रिटायरमेंट अवसर पर ग्रामीणों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम में गांव लोहारी जाटू में किसान व पैक्स के बीच बेहतरीन तालमेल बनाए रखने की वजह से शुक्रवार को ग्रामीणों ने पगडी पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही किसानों की तरफ से पैक्स प्रबंधक प्रदीप को स्मृति चिंह देकर व फूलों की माला पहना कर सम्मान दिया। वे 36 साल 15 दिन पैक्स में उक्त पद पर बैठ कर सेवा की। वहीं सेवानिवृति पाने वाले प्रबंधक प्रदीप तंवर ने सम्मान दिए जाने पर किसान व ग्रामीणों का आभार जताया और कहा कि जो गांव लोहारी जाटू के लोगों ने सम्मान दिया है। वे उसको पूरा जीवन नहीं भूला पाएंगे। इस मौके पर शिक्षा बोर्ड से सेवानिवृति अधीक्षक नेपाल सिंह तंवर ने प्रबंधक प्रदीप तंवर के जीवन उनकी सेवाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांव व प्रदेश के विकास में किसान की अहम भूमिका होती है। प्रबंधक प्रदीप जरूरत के वक्त हमेशा उनके साथ खड़े मिले। इस मौके पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने कहा कि प्रबंधक प्रदीप तंवर की सेवानिवृति पर माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके सुखी व बेहतरीन स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर पूर्व पंच धर्मबीर, कंवर पाल, अजीत नम्बरदार, परमाल, रूला,रमेश, सुरेंद्र, देवेंद्र,बिल्लू,मनू तंवर, हिमांशु,विष्णु व मैनपाल मौजूद थे।

# गलत तरीके से धन खर्च करने वालों से होगी ब्याज सहित वसूली

■ ब्राह्मणा समाज की बैठक आयोजित, समाज हितों, कानूनी जीत और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी


भिवानी। आयोजित बैठक में उपस्थित समुदाय के लोग।

परशुराम धर्मशाला में शुक्रवार को ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध नागरिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता 13 ब्राह्मण समाज के प्रधान सुरेश कौशिक ने की। सभा में समाज के हितों, कानूनी जीत और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर कई कड़े और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ता भूपेंद्र भारद्वाज ने समाज को सूचित किया कि ब्राह्मण समाज पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से केस जीत चुका है। इस जीत के साथ ही उन्होंने वित्तीय अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जिस किसी ने भी समाज की राशि का गलत इस्तेमाल किया है, उससे वह राशि ब्याज सहित वसूल की जाएगी। इसके साथ ही पूर्व सरपंच पंडित चतुर्भज शर्मा व पूर्व चेयरमैन नौरंगाबाद रामअवतार शर्मा ने मांग उठाई कि जिन कर्मचारियों को हटाया गया है, उन्हें तत्काल पुनः बहाल किया जाए। समाज को लोकतांत्रिक और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सचिव सुरेश शर्मा, राजपाल और राजेश अत्री कलिंगा ने प्रस्ताव रखा कि संगठन में नए सदस्य जोडक़र जल्द से जल्द चुनाव करवाए जाएं।


चरखी दादरी। मौन धारण कर श्रद्धांजलि देते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### राकेश वशिष्ठ को भावभीनी श्रद्धांजलि

**चरखी दादरी।** नगर के रवि इंडियन कोचिंग स्कूल परिसर में दिवंगत राकेश वशिष्ठ याद में श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का आयोजन किया गया। संस्था के सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया गया। इस दौरान वातावरण अत्यंत भावुक रहा और सभी ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि दिवगंत राकेश वशिष्ठ प्रेरणाद्मयक व्यक्तित्व के धनी थे, वो नियमित अंतराल पर स्कूल पहुंच कर बच्चों को मार्गदर्शन देते थे। वो स्वयं शिक्षा के क्षेत्र से भी जुड़े हुए थे, अक्सर बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का कार्य भी करते थे। उनके विचार और शिक्षाएं विद्यार्थियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेंगी। वक्ताओं ने कहा कि राकेश वशिष्ठ का जीवन समाज सेवा, शिक्षा और सकारात्मक सोच का प्रतीक था। उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को विद्यालय परिवार हमेशा याद रखेगा और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। अंत में सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए ओम शांति का उच्चारण किया।

# केरल चुनाव को लेकर कांग्रेस व विपक्ष नेता का बयान अशोभनीय: माकपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी


माकपा नेता कामरेड ओमप्रकाश।

**कांग्रेस अध्यक्ष व विपक्ष नेता का बयान धर्म निरपेक्ष शक्तियों के लिए नुकसानदेह: कामरेड**

सीपीआई (एम) केरल के मुख्यमंत्री और सीपीआई (एम) की धर्मनिरपेक्ष साख के खिलाफ विपक्ष नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दिए भड़काऊ बयानों को कड़े शब्दों में अस्वीकार करती है।

विधानसभा चुनावों में सस्ते चुनावी फायदे हासिल करने के लिए वे झूठी अफवाहें फैला रहे हैं। भाजपा की बजाय सीपीआई (एम) को निशाना बनाकर कांग्रेस नेता सांप्रदायिक तानाशाही ताकतों से लड़ने के अपने दावे से मुकर रहे हैं। केरल की जनता इस नापाक एजेंडे को भली-भांति समझ जाएगी, ये बात पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य व जिला कमेटी सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कही। कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को आत्ममंथन करना चाहिए कि आखिर क्यों एक के बाद एक राज्य में उनके नेताओं ने पार्टी छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए। यह सर्वविदित तथ्य है कि असम के वर्तमान भाजपा मुख्यमंत्री, पिछली कांग्रेस सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल चुके थे। त्रिपुरा में वाम मोर्चा को हराने के उद्देश्य से 2018 में पूरा का पूरा कांग्रेस नेतृत्व भाजपा में शामिल हो गया था। केंद्र सरकार में कई मंत्री व भाजपा से जुड़े सांसद जो पहले कांग्रेस के ही प्रमुख नेता हुआ करते थे। कांग्रेस, भाजपा के लिए फीडर संगठन (नए नेताओं की आपूर्ति करने वाली संस्था) बनकर रह गई है। इन चुनावों में भी कांग्रेस अल्पसंख्यक कट्टरपंथी ताकतों के साथ गठबंधन कर रही है।

# जनहित योजनाओं को बंद करने में जुटी है भाजपा सरकार: ढोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी


जिला महासचिव अशोक ढोला।

कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव अशोक ढोला ने कहा कि भाजपा शासन काल में अनेक योजनाओं को बंद कर दिया गया है जिसका नुकसान लगातार आमजन को हो रहा है। वह आज अपने आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रमिक मजदूरों को मिलने वाले योजनाओं को सरकार ने लगभग 2 साल से बंद किया हुआ है श्रमिक मजदूर अपने हक पाने के लिए लगातार जिला स्तर एवं प्रदेश स्तर पर आंदोलन कर रहे हैं उसके बावजूद उनकी समस्या को समाधान नहीं हो रहा प्रदेश सरकार एवं श्रमिक विभाग अनेक ऐसी शर्त लगा रहा है जो मजदूर पूरी नहीं कर पाता और अपने हक पाने के लिए डर-डर के ठोकर खा रहे हैं उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द श्रमिक मजदूरों को मिलने वाली सुविधाओं को जल्द से जल्द लागू किया जाए। प्रदेश सरकार ने लाखों की संख्या में बुजुर्ग पेंशन काट दी है बुजुर्ग पेंशन बनवाने के लिए दिन प्रतिदिन भटक रहे हैं। समस्या का भी समाधान नहीं हो रहा सरकार की नाकामियों के खिलाफ लोग आंदोलन करने को मजबूर हो रहे हैं।

## दादी को श्रद्धांजलि अर्पित कर समाज को दिव्य एवं श्रेष्ठ बनाने का लिया संकल्प

# वैश्विक अध्यात्मिक क्रांति की अग्रदूत थीं ब्रह्माकुमारी दादी डॉ. जानकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी डॉ. जानकी वैश्विक अध्यात्मिक क्रांति की अग्रदूत थी, जिन्होंने भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों को अपनी त्याग, तपस्या एवं सेवा के बल पर विश्वभर के सैंकड़ों देशों में फैलाया।

ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी डॉ. जानकी के छठे पुण्य स्मृति पर आयोजित कार्यक्रम वैश्विक अध्यात्मिक जागृति दिवस पर ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने व्यक्त किए। ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र कादमा व झोझूकलां में ब्रह्माकुमारीज संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी डॉ. दादी जानकी के छठे स्मृति दिवस पर सैंकड़ों ब्रह्माकुमार भाई बहनों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर समाज को दिव्य एवं श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लिया।


भिवानी। ब्रह्माकुमारी दादी डॉ. जानकी को नमन करते बीके भाई बहन।

ब्रह्माकुमारी नीलम ने कहा कि दादी जानकी को विश्व की मोस्ट स्टेबल माइंड लेडी का खिताब भी हासिल था भारतीय शास्त्रों से ओतप्रोत दादी जानकी को हमेशा दूसरों के जीवन को सुखी बनाने की चिंता लगी रहती थी उन्होंने महिलाओ को आत्म संयम का पाठ पढ़ाया।

ब्रह्माकुमारी बहन ने दादी के कदमों पर चल भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का संकल्प भी दिलाया। वास्तव में दादी जानकी जी शीतलता दया करुणा के साथ-साथ सच्चाई, सफाई, सादगी की प्रतिमूर्ति थी।

### ब्रह्माकुमारी मोनिका व रितु ने श्रद्धांजलि अर्पित की

ब्रह्माकुमारी मोनिका व रितु ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दादी जानकी 104 वर्ष के थे तब भी उनकी कार्य करने की शैली एक नौजवान जैसी थी वह हमेशा मनुष्य का भावात्मक आध्यात्मिक रचनात्मक सामाजिक विकास करना चाहते थे जिससे मानव का सर्वांगीण विकास हो सके और वह अपनी शारीरिक व मानसिक ऊर्जा का सद्धुपयोग विश्व के नवनिर्माण में कर सके। ब्रह्माकुमारी अनुज बहन ने कहा की संयुक्त राष्ट्र संघ की जनरल असेंबली के साथ-साथ विश्व भर की विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं को दादी ने संबोधित किया अनेक पुस्तकें लिखी।

**THE LOHARU CO-OP MARKETING SOCIETY L.T.D. LOHARU
ANAJ MANDI LOHARU, LOHARU, DISTT. BHIWANI (HRY.)**

सूचना

दी लोहारू सहकारी विपणन समिति लि० लोहारू रबी 2026-27 की फसल PSS के अंतर्गत समिति को सरसों की खरीद लोहारू मंडी में सरकारी आदेशानुसार करनी है। उसके लिए समिति को लेबर समिति या लेबर ठेकेदार की आवशकता है। इच्छुक लेबर समिति या लेबर ठेकेदार जो हैंडलिंग का कार्य करना चाहता है वह दी लोहारू सहकारी विपणन समिति लि० लोहारू में दिनांक: 29.03.2026 को 12:00 बजे तक अपना आवेदन दे सकता है। और दिनांक 29.03.2026 को 12:00 बजे बाद टेंडर निकाल दिए जायेंगे। नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस को समिति के कार्यालय में देख सकता है। लेबर समिति को कार्य करने की प्राथमिकता दी जाएगी।

Sd/-Manager, The Loharu Co-op. Marketing Society Ltd. Loharu

## खबर संक्षेप

### फसल अवशेष जलाने पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**भिवानी।** जिलाधीश साहिल गुप्ता ने जिले में गेहूं के फसल अवशेष को जलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया है इसके लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत धारा 163 के आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार यह निर्णय इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है कि फसल अवशेष जलाने से निकलने वाला धुआं वायु प्रदूषण को अत्यधिक बढ़ाता है, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। पूर्व में भी माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण एवं हरियाणा सरकार द्वारा फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध एवं जुर्माने के संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

### राष्ट्रीय महिला विद्यार्थी संसद का आयोजन 3 से

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में विकसित भारत 2047 - नारी की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय महिला विद्यार्थी संसद का आयोजन कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी के दिशा निर्देशन में 03 से 05 अप्रैल तक होगा। यह जानकारी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मालिक ने दी है। उन्होंने बताया की इस महिला विद्यार्थी संसद में बतौर मुख्य अतिथि यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान जयपुर की कुलगुरु प्रो अल्पना कटेजा होंगी और इसकी अध्यक्षता विश्विद्यालय की कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी करेंगी। इस कार्यक्रम की आयोजन सचिव डीवाईडब्लू डॉ सोनल शेखावत है।

### युवाओं को सभी प्रकार के नशे से बचाना जरूरी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में शुक्रवार को विशेषतौर पर युवाओं में ड्रग्स के नशे पर पूर्ण रूप से नियंत्रण को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। एसडीएम ने युवाओं को ड्रग्स सहित सभी प्रकार के सेवन से बचाने के लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस के साथ-साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में ड्रग्स के सेवन वाले क्षेत्रों की पहचान करें और ड्रग्स की बिक्री पर पूर्णरूप से रोकथाम लगाने का काम करें। इसमें सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों का सहयोग लें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

## हडौदा गांव में रात्रि ठहराव में सुनीं समस्याएं

# समस्याओं का निदान ही प्रशासन की प्राथमिकता, योजनाओं का लाभ उठाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

अंत्योदय उत्थान लक्ष्य के साथ हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तय समय में मिलें व उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निवारण किया जा सके, इन्हीं उद्देश्य के साथ जिला के हडौदा गांव में जिला प्रशासन द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने विभिन्न विभागीय स्टॉल का निरीक्षण करने उपरान्त ग्रामीणों की लगभग 40 शिकायतों की सुनवाई करते हुए उनके निवारण की दिशा में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। रात्रि ठहराव कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुन मौके पर समाधान किया। इससे पहले गांव पहुंचने पर उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों का ग्रामीणों ने पगड़ी व फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद करते हुए उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम सरकार का फ्लैगशिप प्रोग्राम है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में सरकार द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम के माध्यम से आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच है कि जिला प्रशासन के अधिकारी गांव में जनसमस्या सुनते हुए मौके पर ही उनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याएं खुलकर रखीं। इस बीच पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने ग्रामीणों को यातायात नियमों के पालन, साइबर फ्रॉड से बचाव तथा नशामुक्त जीवन की आवश्यकता पर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अपराधों से बचाव के लिए समाज को सजग रहना जरूरी है और किसी भी फ्रॉड की स्थिति में तुरंत 1930 नंबर पर शिकायत करें। इसके अलावा 112 की जानकारी दी।

**सुशासन को आमजन के करीब लाना रात्रि ठहराव का मुख्य उद्देश्य**


चरखी दादरी। रात्रि ठहराव में ग्रामीणों की समस्या सुनते उपायुक्त।

!!

उपायुक्त ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के सुशासन के उद्धेश्य में रात्रि ठहराव कार्यक्रम महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय उत्थान के ध्येय में यह एक परिवर्तनकारी प्रयास है जिसका उद्धेश्य प्रभावी शासन को ग्रामीण लोगों के करीब लाना है। यही लोकतंत्र की सही परिभाषा है जहां जनता और शासन एक दूसरे के समानांतर दिखाई दे। जनसेवा को समर्पित समाधान शिविर के साथ ही लोगों के घर द्वार उनकी जन सुनवाई करने के उद्धेश्य से रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत प्रशासन गांव में पहुंच रहा है।

### प्रत्येक किसान के लिए एग्रीस्टैक फार्मर आईडी बनवाना जरूरी

**चरखी दादरी।** फार्मर आईडी एग्रीस्टैक प्लेटफार्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो किसानों की पहचान को सुरक्षित करने और उन्हें सरकारी सेवाओं के लाभ तक पहुंच प्रदान करने में मददगार होगा। प्रत्येक किसान की एग्री स्टैक फार्मर आईडी हो, इसके लिए जिला में अधिकारी मिशन मोड में कार्य कर रहे हैं। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि एग्रीस्टैक फार्मर आईडी का उद्देश्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं तक किसानों की पहुंच को आसान बनाते हुए किसान केंद्रित लाभ प्रदान करना है। बैंक ऋण, पीएम किसान सम्मान निधि, क्षतिपूर्ति, खाद व बीज के अलावा कृषि अनुदान आधारित योजनाओं का लाभ आदि एग्री स्टैक फार्मर आईडी के माध्यम से दिया जाएगा। कृषि संबंधित योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को फार्मर आईडी बनवाना बेहद जरूरी है। एग्री स्टैक फार्मर आईडी जनरेट करने के लिए किसान को सबसे पहले हरियाणा फार्मर रजिस्ट्रेशन पोर्टल ओपन करना होगा, जिसमें डेस बोर्ड पर किसान को अपना अकाउंट बनाना है। इसके उपरांत ई-केवाईसी सत्यापन की प्रक्रिया होगी। किसान को लॉगिन करके अपनी जमीन संबंधी डिटेल अपलोड करनी है, जिसके बाद मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा और ओटीपी वेरीफाई होने उपरांत किसान की आईडी बन जाएगी।


चरखी दादरी। डीएलआरसी व डीसीसी बैठक में उपायुक्त व बैंक अधिकारी।

## अधिकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं

- डीएलआरसी और डीसीसी बैठक आयोजित
- उपायुक्त ने कृषि, एमएसएमई व वित्तीय समावेशन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

बैंकिग अधिकारी सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा निर्धारित लक्ष्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। यह निर्देश उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्श समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में विभिन्न बैंकिंग एवं विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।एलडीएम दीपक रंगा ने अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की तिमाही में जिले के बैंकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जो जिले की आर्थिक प्रगति को दर्शाता है। उपायुक्त ने सभी बैंकों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। वित्तीय समावेशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें आधार सीडिंग सुनिश्चित की गई है। वहीं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई व अटल पेंशन योजना के लाभार्थियों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

**कड़े निर्देश**

उपायुक्त ने बैठक में निर्देश दिए कि कृषि अवसंरचना, एमएसएमई, मुद्रा, पीएम स्वनिधि व अन्य सरकारी योजनाओं में प्रगति को और तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र लाभार्थी को योजना के लाभ से वंचित न रखा जाए तथा सभी विभाग और बैंक आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जिले के समग्र विकास को और गति मिल सके।

## आज 1649.56 लाख की परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगी कैबिनेट मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विकास विभाग की कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी शनिवार को 1649.56 लाख की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगी। कैरु बीडीपीओ कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे 204.90 लाख की सिंचाई विभाग की परियोजनाएं जिसमें चौधरी बंसीलाल चैनल पंप हाउस नंबर 3, पंप हाउस नंबर 4 और पंप हाउस नंबर 5 शामिल है। तीनों पंपों के नवीनीकरण का उद्घाटन होगा। कैरू ब्लॉक में 21 गांव में 879.69 लाख की 49 परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया जाएगा। 21 गांवों में भानगढ़, डांगर, धारवान बास, ढाबढाणी, गोलागढ़, इन्दीवाली, जीतवानबास, जूई कलां, कैरू, खेरपुरा, कुसुंबी, लहलना, लालावास, लेघाभानान, लेघा हेतवान, लोहानी, मानसरबास, पोकर वास, शिमलावास, सुंग़रपुर व टिटनी आदि गाँवों की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगी। तोशाम रेस्ट हाउस में दोपहर 1:00 बजे तोशाम ब्लॉक के 13 गांव में विभिन्न 17 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगी। तोशाम ब्लॉक के रिवासा, बजीना, बिड़ौला, अलखपुरा, भारीवास, दुल्हेड़ी, पटौदी कलां, संडवा, तोशाम, पिजोखरा बागानवाला, छप्पार जोगीयान व ढाणी माहू आदि गांवों की परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगी।

**बंसीलाल की समाधि पर पुष्प अर्पित करेंगी**

केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी शनिवार को सुबह 10:00 बजे गांव गोलागढ़ में भूतपूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल जी समाधि पर पुष्प अर्पित करेंगी। वहीं दोपहर बाद 4:00 बजे तोशाम पंजाबी धर्मशाला में 31 मार्च को तोशाम में प्रस्तावित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित प्रगतिशील रैली के बेहतर क्रियान्वन के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय करेंगी।

## स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा के दिए गुर

- युवाओं के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की पाठशाला है एनएसएस शिविर : आनंद
- छोटी सी सावधानी रोक सकती है बड़ा वित्तीय नुकसान : विष्णु

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में सात दिवसीय जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों के लिए बौद्धिक एवं प्रेरणादायक उपलब्धियों वाला रहा। शुक्रवार को एक ओर राष्ट्रभक्ति के गीतों ने जोश भरा, वहीं साइबर विशेषज्ञों ने आधुनिक युग की डिजिटल चुनौतियों से निपटने के गुर सिखाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कोऑर्डिनेटर आनंद कुमार ने की। शिविर का शुभारंभ एनएसएस गीत के साथ किया गया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए आनंद कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल शिविर नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की एक पाठशाला है। हमारा मुख्य लक्ष्य युवाओं को समाज सेवा के प्रति जागरूक कर उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। इस अवसर पर सुमेर सिंह, नवीन कुमार, कुसुम शर्मा, बनीता, कविता तंवर व रामप्रताप आदि मौजूद रहे।


भिवानी। स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा की जानकारी देते वक्ता।

**सतर्कता जरूरी**

डिजिटल इंडिया के दौर में बढ़ते अपराधों को देखते हुए साइबर सेल भिवानी से मुख्य वक्ता विष्णु कुमार ने विशेष शिरकत की। उनके साथ साइबर वॉलंटियर आकाश, योगेश और रोहित भी उपस्थित रहे। विष्णु ने स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत करते हुए बताया कि कैसे एक छोटी सी सावधानी बड़े वित्तीय नुकसान को रोक सकती है। साइबर वॉलंटियर्स ने युवाओं को संदेश दिया कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सार्वजनिक करने से बचें। राजकीय मॉडल विद्यालय बवानीखेड़ा की कार्यक्रम अधिकारी रजनी शर्मा ने भी स्वयंसेवकों के साथ अपने अनुभव सांझा किए।

## गरवा में फिशरीज एक्वा एक्सीलेंस सेंटर' की रखेंगे आधारशिला: दलाल

**बहल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 31 मार्च को लोहारू हलके के गांव गरवा में स्वीकृत उत्तर भारत का सबसे बड़ा फिशरीज एक्वा एक्सीलेंस सेंटर' की आधारशिला तोशाम में आयोजित कार्यक्रम से रखेंगे। इस परियोजना के लिए के लिए 100 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। प्रदेश के पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल ने बताया कि यह विशाल प्रोजेक्ट क्षेत्र की आर्थिक तस्वीर बदलने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2026 को तोशाम में आयोजित कार्यक्रम दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इस परियोजना का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र के किसानो की आय बढ़ेगी और खुशहाली आएगी। इस मछली पालन केंद्र के माध्यम से किसानों को मछली पालन के लिए जागरूक किया जाएगा। इस एक्सीलेंस सेंटर में मछली पालन के प्रशिक्षण के साथ-साथ एक प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008


## विद्यालय मुखियाओं में भरा जोश

- क्लस्टर स्तरीय सीपीआईयू बैठक में सभी सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान करने के लिए भी प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा कलस्टर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सीपीआईयू बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का सूचना कलस्टर एबीआरसी राज कुमारी द्वारा दी गई जिसके चलते कलस्टर के मुख्यतया अधिकतर विद्यालय मुखियाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक सीआरसी-कम-प्राचार्या संतोष भाकर के नेतृत्व में आयोजित हुई। सीआरसी-कम-प्राचार्या संतोष भाकर द्वारा सभी मुखियाओं को मैगा पीटीएम, प्रवेश उत्सव, ऑनलाइन छात्र संख्या, विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने आदि के बारे में मोटिवेट किया।


बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा कलस्टर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सीपीआईयू बैठक का आयोजन में उपस्थितन। फोटो: हरिभूमि

**जन्मतिथि का मिलान करके दाखिला करें**

वहीं उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों का दाखिला करते समय उनके नाम, माता-पिता, जन्मतिथि का मिलान करके दाखिला करें ताकि भविष्य में विद्यार्थियों, उनके परिजनों व विभाग को कोई दिक्कत न हो। उन्होंने सभी सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान करने के लिए भी प्रेरित किया और बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त आदेशानुसार सूचनाओं का आदान प्रदान किया जाता है।

## बैंक अधिकारी कोई मामला अपने पास लंबित न रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

**एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने डीएलआरसी की समीक्षा बैठक में बैंक प्रबंधकों को दिए निर्देश**

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में डीएलआरसी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक पंजाब नेशनल बैंक (अग्रणी बैंक) के तत्वावधान में हुई। बैठक में एलडीएम, भारतीय रिजर्व बैंक तथा नाबार्ड के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में एडीसी श्री करवा ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ऋण या अन्य किसी भी प्रकार के आवेदन को अपने पास लंबित ना रखें। रोजगार से जुड़े ऋण संबंधी आवेदनों को तुरंत प्रभाव से निपटाएं। जिन आवेदनों में पात्रता नहीं बनती, उनको निरस्त किया जाए ताकि आवेदक फिर से अपना नए सिरे से आवेदन कर सके। बैठक में एलडीएम विभूति पांडे ने एजेंडा प्रस्तुत किया और रिपोर्ट प्रस्तुत की। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने घर और बैंक परिसर में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत संयंत्र लगाने के निर्देश दिए। इससे पर्यावरण का भी संरक्षण होगा। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के आवेदनों पर अतिशीघ्र बिना ऋण सहायता जारी करने के निर्देश दिए।

### जेवियर्स फन फिएस्टा का आयोजन 29 को

**भिवानी।** सेंट जेवियर्स स्कूल में जेवियर्स फन फिएस्टा का आयोजन रविवार 29 मार्च को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा,जिसमें वार्षिक परिणाम घोषणा, ग्रेजूएशन डे तथा जेवियर्स फन फिएस्टा शामिल है। इस फन फिएस्टा का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चों ने पूरे वर्ष में जो उपलब्धियां प्राप्त की है, उन्हें एक आनंददायक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया जाये। इस विशेष अवसर पर अनेक आकर्षक गतिविधियां आयोजित की जाएगी,जिसमें रोमाचंक खेल, बच्चों एवं अभिभावकों के लिए मजेदार प्रतियोगिताएं, टैलेंट हंट जहां बच्चे अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। बाउंसिंग जोन एवं कार्टून करैक्टर, जादूगर,स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे।

### प्रकृति संरक्षण में महिलाओं की भूमिका रही अग्रणी: बाबा

**भिवानी।** भारतीय संस्कृति में प्रकृति का स्थान हमेशा से पूजनीय रहा है और इस संरक्षण यात्रा में महिलाओं की भूमिका सबसे अग्रणी रही है। तुलसी पूजन व वट वक्ष पूजा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, ये बात त्रिवेणी बाबा ने औद्योगिक क्षेत्र में चाय की स्टॉल लगाने वाली सुमन के हाथों त्रिवेणी रोपित करवाने उपरांत कही। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं सदैव पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्यशील रही हैं। हमारे रीति-रिवाजों और परंपराओं में इसके गहरे प्रमाण मिलते हैं। तुलसी पूजन व वट वृक्ष (बरगद) की पूजा जैसे उदाहरण इसके प्रतीक हैं कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता हमारी संस्कृति के मूल में है।

**आस्था** श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख समृद्धि की मांगी मन्नतें, भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

# भोजावाली देवी माता मंदिर में भरा मेला, श्रद्धालुओं ने लाइनों में लगकर किए माता रानी के दर्शन

- मेले में बच्चों ने खिलौने और महिलाओं ने आभूषण व अन्य सामान की खूब खरीददारी की

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

नया बाजार स्थित भोजावाली देवी माता मंदिर में शुक्रवार नौवीं के दिन मेले का आयोजन हुआ। मेले में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ रही और श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध खड़े होकर माता रानी के दर्शन किए। इस दौरान हलवा व चनों का विशेष प्रसाद तैयार किया, जो मंदिर में माता रानी के दर्शन करने आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को भेंट किया। भोजावाली देवी माता मंदिर में लगातार नौ दिनों तक माता रानी के विभिन्न नौ रूपों के दर्शन होते हैं। श्रद्धालुओं द्वारा पांच से अधिक अखंड ज्योतें जलवाई जाती हैं, जिनकी मंदिर के सेवक एवं श्रद्धालु देखरेख करते हैं। भोजावाली देवी माता का नवरात्रों की नौवीं को मेला भरता हैं, जिसमें बच्चे खिलौने व महिलाएं आभूषण व अन्य सामान की खरीददारी करती हैं।


भिवानी। नया बाजार स्थित भोजावाली देवी माता के दर्शन करते श्रद्धालु।

**मंदिर करीब छह सौ से अधिक वर्ष पुराना**

नया बाजार स्थित भोजावाली देवी माता मंदिर करीब छह सौ से अधिक वर्ष पुराना है। मान्यता अनुसार एक जमींदार ने प्राचीन प्रतिमा को रोहतक से लाकर स्थापित किया था। मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां अक्सर सुबह व शाम के समय श्रद्धालु माता रानी के दर्शनों के लिए आते हैं और खासकर नवरात्रों में विशेष भीड़ होती है। मान्यता अनुसार एक जमींदार माता की प्रतिमा को रोहतक से बैलगाड़ी में भिवानी लाया था। माता की प्रतिमा की अनूठी विशेषता है कि माता का नाक प्राकृतिक रूप से बिंधा (छिदा) हुआ है। नवरात्रों के दौरान भक्त माता को प्रसन्न करने के लिए नाक का आभूषण (नथ) भेंट करते हैं। क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं के अनुसार माता भोजावाली भिवानी की रक्षक हैं और यहां पर जो श्रद्धालु माता रानी से मन्नत मांगकर जाता हैं, माता रानी उसकी मन्नतें पूरी करती हैं। भोजावाली देवी माता मंदिर में नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है, जहां श्रद्धालु लाइनों में लगकर माता रानी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर रहे हैं।